Title: Need to provide shelter and ration to the displaced people of Jammu and Kashmir.

श्री चमन लाल गुप्त : महोदय, जम्मू-कश्मीर में पिछले दस वर्ष से मिलिटेंसी का दौर चल रहा है। इस मिलिटेंसी में लगभग ३०,००० नौजवान मर गए। इसमें चार लाख लोग दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। पिछले १७ अप्रैल को प्रणकोट में २६ लोग मारे गए। उसके बाद डोडा जिले के चपनाड़ी में २५ लोग मारे गए। उसके बाद ठकुराई में २० लोग मारे गए। इन सब घटनाओं के बाद ऊधमपुर और डोडा जिले के लगभग १०,००० परिवार ऐसे हैं जो इस समय बेघर हैं। सर्दी का मौसम आ रहा है। माननीय गृह मंत्री जी के आदेश के बावजूद भी इन माइग्रेंटस को किसी ने न शेल्टर दिया है और न कोई राशन दिया है।

मेरा सरकार से निवेदन है कि ये जो १०,००० के करीब परिवार इस समय विस्थापित हुए हैं, दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, इनको सरकार की तरफ से न राशन दिया जा रहा है और न शेल्टर है। इस सर्दी के भीषण मौसम में जरूरी है कि इनको शेल्टर दिया जाए और कम्बल प्रोवाइड किए जाएं।